बुंदेलखंड में शुरू होगा 2000 मेगावाट का पावर प्लांट

लखनऊ। बुंदेलखंड में लगातार वैकल्पिक ऊर्जा के साधन विकसित किए जा रहे हैं। जल्द ही झांसी, ललितपुर और चित्रकूट में करीब दो हजार मेगावाट के पावर प्लांट विकसित किए जाएंगे। इसकी कवायद शुरू हो गई है। यह जानकारी टुस्को के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज सरदाना ने दी। वे यूपीनेडा कार्यालय लखनऊ में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जलाशयों में लगेंगे फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट

उन्होंने बताया कि जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाने से दोहरा फायदा होगा। टुस्को के निदेशक (कार्मिक) शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए सौर ऊर्जा के साथ ही हाइड्रो, थर्मल ऊर्जा की दिशा में भी काम करने की जरूरत है। यही वजह है कि सोनभद्र में पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जा रही है। परियोजनाओं की स्थापना में बरती जाने वाली सावधानी और उसकी उपयोगिता बढ़ाने पर भी विचार विमर्श किया गया। प्रदेश में चल रही परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा भी की गई। इस दौरान आनंद प्रकाश वाजपेयी, शशांक लाल, चक्रधर रतौरी, माधुरी यादव, तृप्ति सिंह, रवि पांडेय, रामकिशोर कनौजिया आदि मौजूद रहे। ब्यूरो